# आकाशवाणी भोपाल
## दोपहर समाचार

दिनांक 03. 01.2024 समय: 2.10 PM

### राष्ट्रीय कला उत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एनसीईआरटी परिसर, भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों की कला को पहचानकर उसे निखारने एवं आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'कला उत्सव' प्रारंभ करने का निर्णय लिया था। इसके द्वारा स्कूलों में विद्यार्थियों की कला को पहचानना, उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाना और अनेकता में एकता भारत की विशेषता सांस्कृतिक रूप से हमारी विस्तृत विरासत रही है।

मुख्यमंत्री ने आज भोपाल में 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ भी किया। यह 4 दिवसीय आयोजन 6 जनवरी तक चलेगा, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से 700 से अधिक बाल वैज्ञानिक और शिक्षक भाग ले रहे हैं । मुख्यमंत्री ने वराह मिहिर खगोलीय वेधशाला के ऑटोमेशन का उद्घाटन भी किया। ऑटोमेशन होने से आम नागरिक अब घर बैठे ही वेधशाला के टेलीस्कोप का उपयोग कर सकेंगे।

### रिजर्व बैंक - 2000 बैंकनोट

भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई ने जानकारी दी कि 31 दिसंबर को कारोबार बंद होने तक प्रचलन में 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य घटकर 6 हजार 691 करोड़ रुपये हो गया है। एक बयान में शीर्ष बैंक ने कहा

कि मई 2023 में प्रचलन में तीन लाख 56 हजार करोड़ रुपये मूल्य के करेंसी नोटों में से 98 दशमलव 1-2 पहले ही सिस्टम में वापस आ चुके हैं। गौरतलब है कि 19 मई 2023 को आरबीआई ने दो हजार रुपये के बैंक नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई ने इस बात पर जोर दिया कि इन नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध रहेगी।

प्रधानमंत्री सवित्रीबाई फुले

आज समाज सुधारक सवित्रीबाई फुले की जंयती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजति दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने सवित्रीबाई फुले को महिला सशक्तिकरण की सूत्रधार और शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत और मार्गदर्शक बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर लोगों को बधाई दी है। उन्होंने सभी के जीवन में प्रसन्नता और शांति की कामना की है।

मौसम

प्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर-उज्जैन समेत करीब 40 जिलों में आज कोहरा छाया रहा। ग्वालियर में यह इतना घना था कि विजिबिलिटी 100 मीटर के आसपास रही। मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक मध्यम से घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। वहीँ, तीन दिन के बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। दरअसल जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और लद्दाख में बर्फबारी हो रही है। जिससे सर्द हवाएं प्रदेश में आकर ठिठुरन बढ़ा रही हैं।

क्रिकेट

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 5वें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दिन आज भारतीय टीम पहली पारी में 185 रन पर ऑलआउट हो गई है। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने भी नौ रन पर अपना पहला विकेट गँवा दिया है। भारतीय टीम

से ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। रवींद्र जडेजा 26 रन बनाकर आउट हुए। शुभमन गिल ने 20 रन और विराट कोहली ने 17 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया से स्कॉट बोलैंड ने 4 विकेट झटके। मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था । रोहित शर्मा को आराम दिया गया है।

------------------------------